University in News on 26 August 2021

HINDUSTAN PAGE 6

लखनऊ विवि में पीजी की प्रवेश परीक्षा 6 सितम्बर से

लखनऊ | वरिष्ठ संवाददाता

स्नातक की प्रवेश परीक्षाओं के बाद अब लखनऊ विश्वविद्यालय ने 2021-22 की परास्नातक प्रवेश परीक्षा का संभावित कार्यक्रम जारी कर दिया है। प्रवेश परीक्षाएं 6 सितम्बर से ऑफलाइन आयोजित होंगी। सभी पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षाओं की तारीख और समय की जानकारी www.lkouniv.ac.in के एडमिशन पेज पर अपलोड कर दी गई है। यह जानकारी लखनऊ विश्वविद्यालय के आईपीपीआर डायरेक्टर डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने दी। उन्होंने बताया कि पीजी प्रवेश परीक्षा में 100 बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे जिनके जवाब देने के लिए अभ्यर्थियों को 90 मिनट का समय दिया जाएगा। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का होगा और परीक्षा में निगेटिव मार्किंग नहीं होगी। परीक्षा दो पाली में होगी। पहली पाली सुबह 11 से दोपहर 12:30 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 3 से शाम के 4.30 बजे तक होगी।

यदि किसी अभ्यर्थी ने एक से अधिक विषय में आवेदन किया है और जारी कार्यक्रम में वे विषय एक साथ प्रवेश परीक्षा के लिए लगा दिए गए हैं तो अभ्यर्थी दो दिन में जानकारी प्रवेश टीम को एडमिशन पेज पर दी गई ईमेल आईडी दे सकते हैं। इन आवेदनों के आधार पर बदलाव किए जा सकते हैं।

संभावित कार्यक्रम

6 सितम्बर : पहली पाली : एलएलबी दूसरी पाली : मनोविज्ञान, एमए/एमएससी इन योग, एमवीए, एमएफए
7 सितम्बर : पहली पाली : सैन्य अध्ययन, हिंदी, मध्य एवं आधुनिक भारतीय इतिहास, दर्शनशास्त्र, बीपीएड दूसरी पाली : जियोलॉजी, केमिस्ट्री/फार्मासिटिकल केमिस्ट्री, फूड प्रोसेसिंग एंड टेक्नोलॉजी, राजनीति विज्ञान
8 सितम्बर : पहली पाली : एलएलएम दूसरी पाली : बॉटनी/ प्लांट साइंस/माइक्रोबायो, अर्थशास्त्र
9 सितम्बर : पहली पाली : प्राचीन भारतीय इतिहास, एप्लाइड इकोनॉमिक्स, एप्लाइड जियोलॉजी, बीएलआईएससी, बायोकेमिस्ट्री, सीसीजेए, होम सांइस, पब्लिक हेल्थ, एमपीएड दूसरी पाली : एन्थ्रोपोलॉजी, बायोटेक, कॉमर्स, कम्प्यूटर साइंस, ज्योतिर्विज्ञान, पब्लिक हेल्थ
10 सितम्बर : पहली पाली : अंग्रेजी, फोरेंसिक साइंस, हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन, मैथ्स, एजुकेशन दूसरी पाली : एन्वायरमेंटल साइंस, भूगोल, जर्नलिज्म एंड मास कॉम, फिजिक्स/रीन्यूएबल एनर्जी, एमएलआईएससी
11 सितम्बर : पहली पाली : पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, एमएड दूसरी पाली : सोशल वर्क, जूलॉजी
13 सितम्बर : पहली पाली : समाजशास्त्र, सांख्यिकी दूसरी पाली : एमबी, एमटीटीएम

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

लविवि : पीजी की प्रवेश परीक्षाएं 6 सितंबर से

13 तक दो पाली में सुबह 11 से 12:30 और दोपहर 3 से 4:30 बजे तक होंगी परीक्षाएं, नहीं होगी निगेटिव मार्किंग

माई सिटी रिपोर्टर

अमर उजाला मिशन एडमिशन

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षाएं 6 सितंबर से शुरू होंगी। विवि ने बुधवार को प्रस्तावित कार्यक्रम जारी कर दिया। छात्र विस्तृत कार्यक्रम और दिशा-निर्देश विवि की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर देख सकते हैं।

लविवि के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि परीक्षा दो पाली में सुबह 11 से 12:30 और दोपहर 3 से 4:30 बजे तक 13 सितंबर तक होगी। जिन छात्रों ने एक से ज्यादा विषयों के लिए आवेदन किए हैं और उन विषयों की परीक्षा एक ही दिन है तो वे दो दिनों के भीतर एडमिशन पेज पर दिए गए ई मेल आईडी पर आवेदन पत्र की प्रतिलिपि के साथ प्रवेश टीम को जानकारी दे सकते हैं। प्रवेश परीक्षा में 2-2 अंक के 100 बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे। निगेटिव मार्किंग नहीं होगी। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि 14 ऐसे विषय हैं, जिनमें सीटों के सापेक्ष आवेदन कम हैं। ऐसे विषयों के लिए प्रवेश परीक्षा नहीं कराई जाएगी। इन विषयों में आचार्य, अरब कल्चर, अरेबिक, बिजनेस इकोनॉमिक्स, कंपोजिट वेस्टर्न हिस्ट्री, फ्रेंच, लिंग्विस्टिक, पर्शियन, संस्कृत, उर्दू, एमए व एमएससी बायो स्टैटिस्टिक्स, मास कम्यूनिकेशन इन साइंस एंड टेक्नोलॉजी, पॉपुलेशन स्टडीज एंड पब्लिक पॉलिसी एंड गवर्नेंस शामिल हैं।

प्रवेश परीक्षा कार्यक्रम

- **6 सितंबर :** पहली पाली में एलएलबी, दूसरी पाली में साइकोलॉजी, एमए व एमएससी योगा, एमवीए व एमएफए।
- **7 सितंबर :** पहली पाली में डिफेंस स्टडीज, हिंदी, मेडिवल एंड मॉडर्न इंडियन हिस्ट्री, फिलॉसफी, बीपीएड, दूसरी पाली में केमिस्ट्री व फॉर्मास्यूटिकल केमिस्ट्री, फूड प्रोसेसिंग एंड फूड टेकभनोलॉजी, जूलॉजी, पॉलीटिकल साइंस।
- **8 सितंबर :** पहली पाली में एलएलएम, दूसरी पाली में बॉटनी व प्लांट साइंस व माइक्रोबायोलॉजी, इकोनोमिक्स।
- **9 सितंबर :** पहली पाली में एसियंट इंडियन हिस्ट्री एंड आर्कियोलॉजी, एप्लाइड इकोनॉमिक्स, एप्लाइड जियोलॉजी, बीएलआईएससी, बायो केमिस्ट्री, सीसीजेए, होम साइंस, पब्लिक हेल्थ, एमपीएड, दूसरी पाली में एंथ्रोपॉलोजी, बायोटेक्नोलॉजी, कॉमर्स कंप्यूटर साइंस, ज्योतिर्विज्ञान, पब्लिक हेल्थ (कम्यूनिटी मेडिसिन)।
- **10 सितंबर :** पहली पाली में इंग्लिश, फोरेंसिंक साइंस, हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन, मैथमेटिक्स, एजुकेशन, दूसरी पाली में एनवायरमेंटल साइंस, जियोग्राफी, जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन, फिजिक्स व रिन्यूवेबल एनर्जी, एमएलआईएससी।
- **11 सितंबर :** पहली पाली में पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, एमएड, दूसरी पाली में सोशल वर्क, जूलॉजी।
- **13 सितंबर :** पहली पाली में सोशियोलॉजी, स्टैटिस्टिक्स, दूसरी पाली में एमबीए व एमटीटीएम के लिए प्रवेश परीक्षा होगी।

स्नातक प्रवेश परीक्षा में बैठे 68 फीसदी छात्र

लखनऊ। लविवि के स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए बुधवार को बीएलएड और बीएससी मैथमेटिक्स के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें 68 फीसदी छात्र शामिल हुए। पहली पाली में बीएलएड की प्रवेश परीक्षा हुई, जिसमें कुल पंजीकृत 1342 छात्रों में से 915 छात्र परीक्षा में बैठे। वहीं, दूसरी पाली में बीएससी मैथमेटिक्स की प्रवेश परीक्षा के लिए पंजीकृत 7299 छात्रों में से 4988 छात्रों ने परीक्षा दी।

लविवि : पार्ट टाइम पीएचडी में दाखिले एक सितंबर से

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने पार्ट टाइम पीएचडी में दाखिले के लिए कार्यक्रम प्रस्तावित कर दिया है। दाखिले एक से चार सितंबर तक होंगे। प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि दाखिले का कार्यक्रम विभागों को प्रस्तावित किया है। जल्द ही इसे अंतिम रूप दिया जाएगा। विभागी शोध समिति डीआरसी के माध्यम से अभ्यर्थियों की मेरिट तैयार की जाएगी। इसके बाद कुलपति मेरिट सूची पर अपना अनुमोदन देंगे। पार्ट टाइम पीएचडी 28 विभागों के 25 विषयों की 92 सीटों पर होगी। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार शोध लेखन कार्य सुबह 10:30 बजे से संबंधित विभाग में होगा। यह डेढ़ घंटे का होगा। इसके बाद साक्षात्कार होगा। साक्षात्कार के दौरान अभ्यर्थियों को एप्लीकेशन फॉर्म की प्रतिलिपि, मूल शैक्षणिक प्रमाण पत्र, कार्य अनुभव समेत निर्धारित अभिलेख प्रस्तुत करने होंगे। (माई सिटी रिपोर्टर)

i-NEXT PAGE 4 & 6

6 सितंबर से होंगे पीजी के एग्जाम

लखनऊ यूनिवर्सिटी ने जारी किया प्रवेश परीक्षा कार्यक्रम

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (25 Aug) : लखनऊ यूनिवर्सिटी में पोस्ट ग्रेजुएट कोर्सों में एडमिशन के लिए इंट्रेंस एग्जाम 6 से 13 सितंबर तक होंगे. बुधवार को इसका पूरा कार्यक्रम जारी कर दिया गया है. एग्जाम सुबह 11 से 12.30 बजे और दोपहर 3 से शाम 4.30 बजे तक होगा. अभ्यर्थी यूनिवर्सिटी की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर विस्तृत कार्यक्रम देख सकते हैं.

तो दें सूचना

एलयू में इस बार 7 अगस्त तक आवेदन का मौका दिया गया था. पिछले वर्षों में सबसे ज्यादा 73,084 आवेदन सत्र 2021-22 में प्रवेश के लिए आए हैं. इनमें पीजी कोर्सों के लिए 19,367 आवेदन शामिल हैं. यूनिवर्सिटी प्रशासन के मुताबिक यदि किसी अभ्यर्थी ने एक से अधिक विषय के लिए आवेदन किया है और उनके विषयों की तिथि एक साथ है तो दो दिन के अंदर उन्हें सुधार के लिए इसकी सूचना देनी होगी. एडमिशन कोऑर्डिनेटर प्रो. पंकज माथुर का कहना है कि पीजी में करीब 14 विषय ऐसे हैं, जिनमें सीटों की संख्या अधिक है और आवेदन कम. इसलिए इनमें प्रवेश परीक्षाएं नहीं कराई जाएगी.

इन विषयों में नहीं परीक्षाएं

आचार्य, अरब कल्चर, अरेबिक, बिजनेस इकोनॉमिक्स, कम्पोजिट/वेस्टर्न हिस्ट्री, फ्रेंच, लिंग्विस्टिक, पर्शियन, संस्कृत, उर्दू, वूमन स्टडीज, बायोस्टैटिस्टिक्स (एमए एंड एमएससी) आदि में एग्जाम नहीं होगा.

ये है पूरा कार्यक्रम

6 सितंबर : सुबह 11 से 12.30 बजे तक एलएलबी, दोपहर तीन से 4.30 बजे तक साइकोलाजी, एमए/एमएससी इन योगा, एमवीए/एमएफए.

7 सितंबर : सुबह 11 से 12.30 बजे तक डिफेंस स्टडीज, हिंदी, मेडिवियल एंड माडर्न इंडियन हिस्ट्री, फिलोसफी, बीपीएड, दोपहर तीन से शाम 4.30 बजे तक केमेस्ट्री/फार्मास्यूटिकल केमेस्ट्री, फूड प्रोसेसिंग एंड फूड टेक्नोलाजी, जियोलाजी, पालीटिकल साइंस.

8 सितंबर : सुबह 11 से 12.30 बजे तक एलएलएम, दोपहर तीन से 4.30 बजे तक बाटनी/प्लांट साइंस/माइक्रोबायोलाजी, इकोनामिक्स.

9 सितंबर : सुबह 11 से 12.30 बजे तक एनसियंट इंडियन हिस्ट्री एंड आर्कियोलाजी, एप्लाइड इकोनामिक्स, एप्लाइड जियोलाजी, बीएलआइएससी, बायोकेमेस्ट्री, सीसीजेए, होम साइंस, पब्लिक हेल्थ, एमपीएड. दोपहर तीन से शाम 4.30 बजे तक एंथ्रोपोलाजी, बायोकेमेस्ट्री, कामर्स, कम्प्यूटर साइंस, ज्योतिर्विज्ञान, पब्लिक हेल्थ (कम्यूनिटी मेडिसिन).

10 सितंबर : सुबह 11 से 12.30 बजे तक इंग्लिश, फॉरेन साइंस, हास्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन, मैथमेटिक्स, एजुकेशन. दोपहर तीन से शाम 4.30 बजे तक एनवायरमेंटल साइंस, जियोग्राफी, जर्नलिज्म एंड मास कम्यूनिकेशन, फिजिक्स/रेनेवल एनर्जी, एमएलआइएससी.

11 सितंबर : सुबह 11 से 12.30 बजे तक पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, एमएड. दोपहर तीन से शाम 4.30 बजे तक सोशल वर्क, जूलाजी.

13 सितंबर : सुबह 11 से 12.30 बजे तक सोशियोलाजी, स्टैटिस्टिक्स. दोपहर तीन से शाम 4.30 बजे तक एमबीए/एमटीटीएम.

1 सितंबर से पार्ट टाइम पीएचडी में एडमिशन!

1 से 4 सितंबर तक तय की गई प्रवेश प्रक्रिया की डेट

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (25 Aug): लखनऊ विश्वविद्यालय में पहली बार होने वाले पार्ट टाइम पीएचडी एडमिशन 1 से 4 सितंबर तक कराने की तैयारी है. बुधवार को यूनिवर्सिटी प्रशासन ने इसका प्रस्तावित शेड्यूल विभागों को भेज दिया है. विभागों में विभागीय शोध समिति (डीआरसी) के माध्यम से कैंडीडेट्स की मेरिट तैयार की जाएगी और फिर इसे अनुमोदन के लिए वीसी के पास मेरिट लिस्ट भेजी जाएगी.

टोटल सीटें 92

लखनऊ यूनिवर्सिटी में शैक्षिक सत्र 2020-21 में पार्ट टाइम पीएचडी में एडमिशन के लिए 25 विषयों में 92 सीटें फाइनल हुई हैं. पहली बार ऐसा होगा कि नौकरी करने वाले लोग भी पार्ट टाइम पीएचडी कर सकेंगे. यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर जारी विवरण के मुताबिक, एक हजार शब्दों के शोध लेख में टापिक, रिसर्च मैथड, डिजाइन, डेटा कलेक्शन, प्लान, डेटा एनालिसिस मैथेड सहित कई सूचनाएं शामिल होनी चाहिए. शोध लेख लिखने के लिए सुबह 10.30 बजे से कुल 90 मिनट का समय मिलेगा.

इस तरह होगा सेलेक्शन

- एक हजार शब्दों का शोध लेख : 70 अंक
- एकेडमिक इंडेक्स : 10 अंक
- इंटरव्यू : 10 अंक
- वर्क एक्सपीरियंस : 10 अंक
- टोटल मार्क्स : 100

"पार्ट टाइम पीएचडी में एडमिशन के लिए विभागवार तिथियां प्रस्तावित कर विभागों को भेज दी गई हैं. वहां से फाइनल होने के बाद इसे विस्तृत रूप से जारी किया जाएगा.
डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव, प्रवक्ता, लखनऊ यूनिवर्सिटी

स्टूडेंट्स ने सीखे, जर्नलिज्म के तरीके

लखनऊ यूनिवर्सिटी के पत्रकारिता एवं जनसंपर्क विभाग और यूनिसेफ ने बुधवार को ऑनलाइन वर्कशॉप आयोजित की. इसमें छात्रों ने विशेषज्ञों से संवेदनशील पत्रकारिता के तरीके जाने और तथ्यों और आंकड़ों का महत्व समझा. इस दौरान फेक न्यूज पर भी विस्तृत चर्चा की गई.

सूचना की पुष्टि करें

हेल्थ ऐनालेटिक्स एशिया के वरदराजन अनंथकृष्णन ने फेक न्यूज के विषय में कहा, जब भी आपको कोई संदिग्ध जानकारी मिले और उसमें कुछ संस्थाओं या सरकार आदि को स्रोत बताया गया हो तो आप उस संस्थान अथवा सरकार की वेबसाइट से पुष्टि अवश्य करें. उसके बाद ही उस जानकारी साझा करें. यूट्यूब एडिटर भारतीय भाषा, बीबीसी वर्ल्ड सर्विस की सर्वप्रिया सांगवान ने कहा कि प्रत्येक जानकारी की एक से अधिक स्रोतों से पुष्टि करना आवश्यक है. ऐसा न करने से कई बार गलत जानकारी जनता के बीच फैलने की संभावना रहती है. पत्रकारिता विभाग के प्रो. मुकुल श्रीवास्तव ने कहा कि इन कार्यशालाओं का उद्देश्य छात्रों में विषयों की समझ विकसित करना है.

लखनऊ यूनिवर्सिटी में ऑनलाइन वर्कशॉप का आयोजन

JAGRAN CITY PAGE I

लवि में छह से होंगी स्नातकोत्तर प्रवेश परीक्षाएं

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातकोत्तर (पीजी) पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षाएं छह से 13 सितंबर तक होंगी। बुधवार को प्रवेश परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया गया। इसका समय सुबह 11 से 12.30 बजे और दोपहर में तीन से शाम 4.30 बजे तक होगा। अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट https//www.lkouniv.ac.in/ पर विस्तृत कार्यक्रम देख सकते हैं।

लखनऊ विश्वविद्यालय में इस बार सात अगस्त तक आवेदन का मौका दिया गया था। पिछले वर्षों में सबसे ज्यादा 73,084 आवेदन सत्र 2021-22 में प्रवेश के लिए आए हैं। इनमें स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए 19,367 आवेदन शामिल हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन के मुताबिक यदि किसी अभ्यर्थी ने एक से अधिक विषय के लिए आवेदन किया है और उनके विषयों की तिथि एक साथ है तो दो दिन के अंदर उन्हें सुधार के लिए इसकी सूचना देनी होगी। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर का कहना है कि स्नातकोत्तर के करीब 14 विषय ऐसे हैं, जिनमें सीटों की संख्या अधिक है और आवेदन कम। इसलिए इनमें प्रवेश परीक्षाएं नहीं कराई जाएंगी।



ये है प्रवेश परीक्षा कार्यक्रम

छह सितंबर : सुबह 11 से 12.30 बजे तक एलएलबी, दोपहर तीन से 4.30 बजे तक साइकोलाजी, एमए/एमएससी इन योगा, एमवीए/एमएफए।

सात सितंबर : सुबह 11 से 12.30 बजे तक डिफेंस स्टडीज, हिंदी, मेडिवियल एंड माडर्न इंडियन हिस्ट्री, फिलोसफी, बीपीएड, दोपहर तीन से शाम 4.30 बजे तक केमेस्ट्री/फार्मास्यूटिकल केमेस्ट्री, फूड प्रोसेसिंग एंड फूड टेक्नोलाजी, जियोलाजी, पालीटिकल साइंस।

आठ सितंबर : सुबह 11 से 12.30 बजे तक एलएलएम, दोपहर तीन से 4.30 बजे तक बाटनी/प्लांट साइंस/माइक्रोबायोलाजी, इकोनामिक्स।

नौ सितंबर : सुबह 11 से 12.30 बजे तक एनसियंट इंडियन हिस्ट्री एंड आर्कियोलाजी, एप्लाइड इकोनामिक्स, एप्लाइड जियोलाजी, बीएलआइएससी, बायोकेमेस्ट्री, सीसीजेए, होम साइंस, पब्लिक हेल्थ, एमपीएड। दोपहर तीन से शाम 4.30 बजे तक एंथ्रोपोलाजी, बायोकेमेस्ट्री, कामर्स, कम्प्यूटर साइंस, ज्योतिर्विज्ञान, पब्लिक हेल्थ (कम्यूनिटी मेडिसिन)।

11 सितंबर : सुबह 11 से 12.30 बजे तक पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, एमएड। दोपहर तीन से शाम 4.30 बजे तक सोशल वर्क, जूलाजी।

13 सितंबर : सुबह 11 से 12.30 बजे तक सोशियोलाजी, स्टैटिस्टिक्स। दोपहर तीन से शाम 4.30 बजे तक एमबीए/एमटीटीएम।

10 सितंबर : सुबह 11 से 12.30 बजे तक इंग्लिश, फॉरेन साइंस, हास्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन, मैथमेटिक्स, एजुकेशन। दोपहर तीन से शाम 4.30 बजे तक एनवायरमेंटल साइंस, जियोग्राफी, जर्नलिज्म एंड मास कम्यूनिकेशन, फिजिक्स/ रेनेवल एनर्जी, एमएलआइएससी।

इन विषयों में नहीं होंगी प्रवेश परीक्षाएं

आचार्य, अरब कल्चर, अरेबिक, बिजनेस इकोनॉमिक्स, कम्पोजिट/वेस्टर्न हिस्ट्री, फ्रेंच, लिंग्विस्टिक, पर्शियन, संस्कृत, उर्दू, वूमन स्टडीज, बायोस्टैटिस्टिक्स (एमए एंड एमएससी), मास कम्यूनिकेशन इन साइंस एंड टेक्नोलाजी, पापुलेशन स्टडीज एंड पब्लिक पालिसी एंड गवर्नेंस।

PIONEER PAGE 3

एलयू पीजी प्रवेश परीक्षा छह से, कार्यक्रम जारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

स्नातक कक्षाओं में दाखिले को लेकर चल रही प्रवेश परीक्षा के बीच लखनऊ विश्वविद्यालय ने बुधवार सुबह पीजी प्रवेश परीक्षा का कार्यक्रम जारी कर दिया है। प्रवेश परीक्षा 6 से 13 सितंबर तक होगी। परीक्षा का समय सुबह 11 से 12.30 बजे और दोपहर में तीन से शाम 4.30 बजे तक होगा।

विवि के प्रवक्ता प्रो दुर्गेश श्रीवास्तव के मुताबिक प्रवेश परीक्षा 6 सितम्बर से आफलाइन सम्पन्न करायी जाएगी। सभी पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षाओ की तिथि एवं समय की जानकारी अभ्यर्थी लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट के एडमिशन पेज पर देख सकते हैं। प्रवेश परीक्षा में 100 प्रश्न बहुविकल्पीय प्रकार के होंगे। प्रवेश परीक्षा 90 मिनट्स की होगी। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का होगा। निगेटिव मार्किंग नहीं होगी। उन्होंने बताया कि यदि किसी अभ्यर्थी ने एक से अधिक विषय में आवेदन किया है और जारी कार्यक्रम में त्रुटिवश वे विषय एक साथ प्रवेश परीक्षा के लिए लगा दिए गये हैं, तो अभ्यर्थी दो दिन में इसकी जानकारी प्रवेश टीम को एडमिशन पेज पर दिए गये आईडी पर उन विषयों के आवेदन पत्र की प्रतिलिपि के साथ भेज दें, जिससे कि प्रवेश परीक्षा के कार्यक्रम में अपेक्षित बदलाव किया जा सके। प्रवेश समन्वयक प्रो पंकज माथुर का कहना है कि स्नातकोत्तर के 14 विषय ऐसे हैं जिनमें सीटों की संख्या अधिक है और आवेदन कम। इसलिए इनमें प्रवेश परीक्षाएं नही कराई जाएगी। इनमे आचार्य, अरब कल्चर, अरेबिक, बिजनेस इकोनॉमिक्स, कम्पोजिट, वेस्टर्न हिस्ट्री, फ्रेंच, लिंग्विस्टिक, पर्शियन, संस्कृत, उर्दू, वूमन स्टडीज, बायोस्टैटिस्टिक्स एमए एंड एमएससी, मास कम्यूनिकेशन इन साइंस एंड टेक्नोलाजी, पापुलेशन स्टडीज एंड पब्लिक पालिसी एंड गवर्नेंस शामिल है।

पार्ट टाइम पीएचडी को लेकर भी शेड्यूल जारी

लखनऊ। पहली बार पार्ट टाइम पीएचडी करा रहे लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने दाखिले को लेकर विभागवार शेड्यूल जारी कर दिया है। दाखिले एक से चार सितंबर तक होंगे। शेड्यूल के लिए अभ्यर्थी विवि की वेबसाइट देख सकते हैं। शैक्षिक सत्र 2020-21 में पार्ट टाइम पीएचडी प्रवेश के लिए 28 विभागों के 25 विषयों में 92 सीटें फाइनल हुई हैं। पहली बार ऐसा होगा कि नौकरी करने वाले भी पार्ट टाइम पीएचडी कर सकेंगे। विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जारी विवरण के मुताबिक एक हजार शब्दों के शोध लेख में टॉपिक, रिसर्च मैथड, डिजाइन, डेटा कलेक्शन, प्लान, डेटा एनालिसिस मैथड सहित कई सूचनाएं शामिल होनी चाहिए। शोध लेख लिखने के लिए सुबह 10.30 बजे से कुल 90 मिनट का समय मिलेगा।

THE PIONEER PAGE 3

Entrance tests for PG courses at LU to commence from Sept 6

Lucknow (PNS): Lucknow University has announced September 6 as the tentative date for commencement of the entrance tests for post-graduate courses. LU spokesperson Durgesh Srivastava said those appearing for the entrance tests for more than one subject should inform the authorities concerned.

There will be no entrance tests for subjects like Acharya, Arab Culture, Business Economics, Western History, French, Linguistics, Persian, Sanskrit, Urdu, Women Studies, Biostatistics, Mass Communication in Science and Technology, Population Studies, and Public Policy & Governance. Students will be given admission only if they fulfil the criteria.

Meanwhile, the Mass Communication students of Lucknow University learnt the sensitivities of reporting during a capacity-building workshop on 'Pandemic of fake news', organised jointly by LU and UNICEF. The students learnt from the experts how to identify fake news and counter it.

FIRST INDIA PAGE 3

ENTRANCE EXAMINATIONS BEGIN IN LUCKNOW UNIVERSITY

Lucknow: The entrance examinations of Lucknow University for the academic session 2021-22 is currently under way. On Wednesday, entrance examinations were conducted in two shifts with B.El.Ed entrance exam in the morning and BSc Mathematics entrance in the evening. A total of 915 candidates appeared for the B.El.Ed and in the entrance for BSc Mathematics 4988 candidates appeared for examination.

AMRIT VICHAR PAGE 4

लविवि में परास्नातक प्रवेश परीक्षा कार्यक्रम जारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की सत्र 2021-22 की परास्नातक प्रवेश परीक्षा (पीजीईटी) का अनंतिम कार्यक्रम जारी कर दिया है। इस बारे में विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि प्रवेश परीक्षा 6 सितम्बर से आफलाइन सम्पन्न करायी जाएगी। सभी पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षाओ की तिथि एवं समय की जानकारी अभ्यर्थी विवि की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in के एडमिशन पेज पर जाकर देख सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रवेश परीक्षा में 100 प्रश्न बहुविकल्पीय होंगे और 90 मिनट की अवधि रहेगी। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का होगा। वहीं निगेटिव मार्किंग नहीं होगी। उन्होंने कहा कि यदि किसी अभ्यर्थी ने एक से अधिक विषय में आवेदन किया है ,और जारी कार्यक्रम में त्रुटिवश वे विषय एक साथ प्रवेश परीक्षा के लिए लगा दिए गये हैं, तो अभ्यर्थी दो दिन में इसकी जानकारी प्रवेश टीम को एडमिशन पेज पर दिए गये ईमेल पर उन विषयों के आवेदन पत्र की प्रतिलिपि के साथ भेजना होगा, उसके बाद परीक्षा के कार्यक्रम में बदलाव कर दिया जायेगा।

बीएलएड प्रवेश परीक्षा में 427 अभ्यर्थी अनुपस्थित

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में बुधवार को डीएलएड प्रवेश परीक्षा आयोजित की गयी। पहली पाली में 915 अभ्यर्थी शामिल हुए, 427 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। जबकि दूसरी पाली में बीएससी मैथमेटिक्स में प्रवेश के लिए चार हजार 988 अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा में बैठे और 2311 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

SWATANTRA BHARAT PAGE 5

एलयू ने जारी किया पीजी एंट्रेंस एग्जाम का शेड्यूल

स्वतंत्र भारत लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने बुधवार को पोस्ट ग्रेजुएट कोर्स में एडमिशन के लिए प्रस्तावित प्रवेश परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया।बुधवार को विश्वविद्यालय ने पहले पार्ट टाइम पीएचडी कार्यक्रम की घोषणा की साथ ही पीजी प्रवेश परीक्षाओं का कार्यक्रम भी जारी किया। पार्ट टाइम पीएचडी कार्यक्रम में प्रवेश की प्रक्रिया 1 सितंबर से शुरू हो जाएगी।विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से इसके लिए कोर्स वाइज शेड्यूल तय किया है।पार्ट टाइम पीएचडी की 90 से ज्यादा सीटों पर प्रवेश के लिए अभ्यर्थियों को रिसर्च प्लान का राइट अप प्रस्तुत करना होगा।उसके साथ ही डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन और साक्षात्कार से गुजरना होगा।अभ्यर्थी को निर्धारित तारीख पर सुबह 10-00 बजे अपने विभाग में रिपोर्ट करना होगा।रिपोर्टिंग के दौरान अभ्यर्थी को एप्लीकेशन फॉर्म के प्रिंट आउट के साथ ओरिजिनल डाक्यूमेंट्स, रिसर्च, वर्क एक्सपीरियंस और आरक्षण से जुड़े दस्तावेज भी प्रस्तुत करने होंगे।25 अलग - अलग विषयों के इन कोर्स में एडमिशन के लिए पहली सितंबर से चार सितंबर के बीच प्रवेश प्रक्रिया सम्पन्न होगी। बुधवार को लखनऊ विश्वविद्यालय ने पीजी प्रवेश परीक्षा 6 सितंबर से शुरु होकर 13 सितंबर तक संचालित की जाएंगी।एंट्रेंस एग्जाम दो शिफ्ट में होगा।पहली शिफ्ट में सुबह 11-00 बजे से 12-30 बजे तक और दूसरी शिफ्ट में दोपहर 3-00 से 4-30 के बीच कराई जाएगी।प्रवेश परीक्षा के बाद दाखिले के लिए काउंसलिंग का आयोजन किया जाएगा।इससे पहले शासन की तरफ से 13 सितंबर से कक्षाएं शुरू करने की घोषणा की गई है।ऐसे में उम्मीद जताई जा रही है कि परीक्षा कराने के एक सप्ताह के भीतर नतीजे घोषित किए जा सकते हैं और उसके तुरंत बाद काउंसलिंग की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। लखनऊ विश्वविद्यालय में इस बार सात अगस्त तक आवेदन का मौका दिया गया था।इस बार पीजी के लिए 19367 आवेदन आएं हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन के मुताबिक यदि किसी अभ्यर्थी ने एक से अधिक विषय के लिए आवेदन किया है और उनके विषयों की तारीख एक साथ है तो दो दिन के अंदर उन्हें सुधार के लिए इसकी सूचना विश्वविद्यालय को देनी होगी।प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर के अनुसार पीजी के 14 कोर्स ऐसे हैं जिनमें सीटों की संख्या अधिक है और आवेदन कम इसलिए इनमें प्रवेश परीक्षाएं नही कराई जाएगी।

-लखनऊ विश्वविद्यालय में पहली सितंबर से पार्ट टाइम पीएचडी में दाखिले की परीक्षा की होगी शुरुआत

RASHTRIYA SAHARA PAGE 5

लविवि में आयोजित हुई बीएलएड व बीएससी मैथमेटिक्स की प्रवेश परीक्षा

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में अकादमिक सत्र 2021 - 22 के लिए प्रवेश परीक्षाएं प्रारंभ हो चुकी हैं। इसी क्रम में बुधवार को लखनऊ विश्वविद्यालय में दो पारियों में प्रवेश परीक्षाएं आयोजित की गई। सुवह की पारी में कुल 915 अभ्यर्थियों ने वीएलएड की प्रवेश परीक्षा दी और 427 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। सायंकाल की पारी में वीएससी मैथमेटिक्स में प्रवेश के लिए 4,988 अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा में बैठे और 2,311 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

लविवि में ऑफलाइन पीजी प्रवेश परीक्षा 6 से

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की सत्र 2021-22 की परास्नातक प्रवेश परीक्षा का प्रस्तावित कार्यक्रम जारी कर दिया है। प्रवेश परीक्षा छह सितम्वर 2021 से आफलाइन सम्पन्न करायी जाएगी । सभी पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षाओं की तिथि एवं समय की जानकारी अभ्यर्थी लखनऊ विश्वविद्यालय की वेवसाइट पर देख सकते हैं । प्रवेश परीक्षा में 100 प्रश्न वहुविकल्पीय प्रकार के होंगे। प्रवेश परीक्षा 90 मिनट की होगी। प्रत्येक प्रश्न दो अंक का होगा। निगेटिव मार्किंग नहीं होगी। यदि किसी अभ्यर्थी ने एक से अधिक विषय में आवेदन किया है और जारी कार्यक्रम में त्रुटिवश वे विषय एक साथ प्रवेश परीक्षा के लिए लगा दिए गये हैं, तो अभ्यर्थी दो दिन में इसकी जानकारी प्रवेश टीम को एडमिशन पेज पर दिए गये मेल आईडी पर उन विषयों के आवेदन पत्र की प्रतिलिपि के साथ भेज दें, जिससे प्रवेश परीक्षा के कार्यक्रम में अपेक्षित वदलाव किया जा सके।

TIMES OF INDIA PAGE 2

LU PG entrance exams from Sept 6

No Negative Marking